Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh.

कक्षा - तीसरी

विषय - हिन्दी साहित्य शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

पुस्तक : तरंग हिन्दी पाठमाला - 3

सुप्रभात प्यारे बच्चो!

आज हम कक्षा तीसरी की हिन्दी पाठ्यपुस्तक तरंग हिन्दी पाठमाला में दिए पाठ-1 'प्रार्थना' के लिखित प्रश्नोत्तर लिखेंगे। सभी बच्चे इन्हें अपनी-अपनी साहित्य की पुस्तिका में लिखेंगे।

* लिखित प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1. बच्चे विनती करके भगवान से क्या माँग रहे हैं?

उत्तर - बच्चे विनती करके भगवान से यह माँग रहे हैं कि हम सब बालक अनजान हैं इसलिए आप सदा हम पर अपनी कृपा बनाए रखना।

प्रश्न 2. भगवान को जगत का पालक क्यों कहा गया है?

उत्तर - भगवान को जगत का पालक इसलिए कहा गया है क्योंकि भगवान ने ही इस संसार की रचना की है और वही हम सब के पालनहार हैं।

प्रश्न 3. अगर भगवान ने बादल न बनाए होते तो क्या होता?

उत्तर - अगर भगवान ने बादल न बनाए होते तो वर्षा न होती और धरती भी हरी-भरी नहीं होती।

08/04/2024



कक्षा-तीसरी विषय- हिन्दी साहित्य

शिक्षिका- श्रीमती कल्पना शर्मा

प्रश्न 4. बच्चे स्वयं को अंजान क्यों बता रहे हैं ?
उत्तर - बच्चे स्वयं को अंजान इसलिए बता रहे हैं क्योंकि वे अभी छोटे बालक हैं और नासमझ हैं। उन्हें भले बुरे की समझ नहीं है इसलिए वे भगवान से अपनी कृपा बनाए रखने की प्रार्थना कर रहे हैं।

प्रश्न 5. सूरज, चाँद और तारों को किसने बनाया है ?
उत्तर - सूरज, चाँद और तारों को भगवान ने बनाया है।

* गृहकार्य

सभी छात्र इन प्रश्नोत्तर को अपनी-अपनी साहित्य की कॉपी में लिखेंगे। इस कार्य को सभी बच्चे साफ़ एवं सुन्दर लिखाई में लिखेंगे एवं याद भी करेंगे।

धन्यवाद।

[Last Page]